MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -10 मंदसौर, 27 अगस्त 2025 बुधवार से 2 सितम्बर 2025 तक पृष्ट -4 किमत 2 रू.

# सीएम बोले- लाडली बहनों को मिलेंगे 5 हजार

## उद्योगों से जुड़ने पर अतिरिक्त मदद, मॉर्टगेज, फायर एनओसी पर सरकार ने उठाए कदम

भोपाल । गोविंदपुरा में लघु उद्योग भारती के प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योग और रोजगार को लेकर बड़े ऐलान किए। सीएम ने कहा कि उद्योगों में काम करने वाली 'लाड़ली बहनों' को सरकार 5 हजार रुपए अतिरिक्त देगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि केवल इंदौर-भोपाल तक सीमित नहीं रहेगी, छोटे जिलों में भी उद्योग बढ़ाए जाएंगे। सीएम ने मॉर्टगेज ड्यूटी, फायर एनओसी और मल्टी-स्टोरी इंडस्ट्रियल प्लांट जैसी समस्याओं के समाधान की भी घोषणा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर कार्यवाह कृष्णगोपाल, मंत्री विश्वास सारंग, चैतन्य कश्यप, कृष्णा गौर और लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी और उद्यमी मौजूद थें।

### उद्योगों में काम करेगी तो सरकार 5 हजार देगी

सीएम ने कहा, अभी तक लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को घर बैठे 1500 रुपए दिए जा रहे हैं। लेकिन हमने तय किया है कि केवल यही पर्याप्त नहीं है। यदि लाड़ली बहना उद्योगों में काम करेगी तो उसे 1500 या 3000 रुपए नहीं, बल्कि 5000 रुपए प्रतिमाह सरकार की ओर से दिए जाएंगे। ताकि वे रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें।%

### रोजगारपरक इकाइयों में बहनों को मिलेगा काम

सीएम ने कहा कि उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं को सरकार 5 हजार रुपए देगी। अगर उद्योगपति 8 हजार रुपए देंगे, तो महिला श्रमिक को कुल 12 से 13 हजार रुपए मिलेंगे। इससे उन्हें रोजगार के साथ जीवन की परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि रोजगार



आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एमओयू किए जा रहे हैं। 10 से 20 करोड़ रुपए की छोटी इकाइयां लगाई जा सकती हैं, जिनमें 100 से लेकर 7 हजार तक लोगों को काम मिलेगा।

सीएम ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र में कपड़े बनाने और निर्यात करने वाले उद्योग स्थापित होंगे। यदि कोई उद्योग राज्य के लोगों को रोजगार देगा तो वहां काम करने वाली प्रत्येक महिला श्रमिक को सरकार की ओर से 5 हजार रुपए अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

### घटना हो तो उद्योगपति पर दबाव में केस दर्ज हो जाते हैं

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एक पुराने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा, जब मैं शिक्षा मंत्री था, तब गुना के पास चीता प्रोजेक्ट का प्रधानमंत्री जी का बड़ा कार्यक्रम था, जिसमें मुझे भी बुलाया गया था। उसी दौरान जानकारी मिली कि नागझिरी की एक इंडस्ट्री में आग लग गई है, जिसमें कुछ श्रमिकों की मौत हो गई। उस समय मेरे सामने चुनौती थी कि प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में जाऊं या अपनी विधानसभा में जहां दुखद घटना हुई थी।

सीएम ने बताया कि उन्होंने तत्काल निर्णय लिया और नेतृत्व को सूचित किया कि वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे।

उन्होंने कहा, अक्सर ऐसी घटनाओं में दबाव बनाकर उद्योगपति पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। हमने कोशिश की कि इसे दुर्घटना की तरह देखा जाए, न कि हत्या का मामला बनाया जाए। इसमें किसी के मन में कोई गलत भावना नहीं होनी चाहिए।

### हमारी सरकार ने ढाई महीने का समय उद्योगों को दिया

मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हमारी सरकार बने हुए करीब 19-20 महीने हो गए हैं। इनमें से 3-4 महीने लोकसभा चुनाव में चले गए, तो हमारे पास लगभग 12-14 महीने का समय बचा। इनमें से भी करीब ढाई महीने का समय हमने विशेष रूप से उद्योगों को ही दिया है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई, लघु एवं कुटीर उद्योग और हैवी इंडस्ट्री- सभी क्षेत्रों पर फोकस करते हुए देश और विदेश में लगातार काम किया गया है। सीएम ने कहा, आत्मनिर्भर भारत और प्रदेश की दिशा में हम इसी काम को आधार बनाकर आगे बढ़ रहे हैं। स्वावलंबी कृषि और उद्योगों के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

# नीमच के ग्वालटोली में मवेशी पकड़ने की कार्रवाई का विरोध

## 45 मिनट तक चला चक्का जाम, नगर पालिका पर दुधारू पशु पकड़ने का आरोप

नीमच। जिले के ग्वालटोली के निवासियों ने रविवार को पाटीदार छात्रावास के पास मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल, स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी उनके दूध देने वाले पालतू पशुओं को पकड़ रहे हैं। कर्मचारी पशुओं को छुड़ाने के लिए पैसों की मांग करते हैं।



पर घूमने वाली गायों को पकड़ने से कोई आपत्ति नहीं है। उनका विरोध इस बात का है कि कर्मचारी उनके घरों के बाहर से दुधारू पशुओं को पकड़ ले जाते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए पैसे मांगते हैं।

### अधिकारियों ने भीड़ से की बातचीत

प्रदर्शन में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुंची। नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक और राजस्व अधिकारी टेकचंद बुनकर ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की।

पशुपालकों ने कहा कि उन्हें सड़क

### चक्काजाम से दोनों तरफ लगी वाहनों की कतारें

45 मिनट के चक्का जाम से यातायात बाधित हुआ। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। नगर पालिका के अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम खत्म कर दिया। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है।

# दो पक्षों के बीच गोली चली प्रेम विवाह विवाद में जाट-पाटीदार समाज के बीच झड़प, 7 घायल, 3 को पैर में गोली लगी

**मंदसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के गांव नाटाराम में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जाट और पाटीदार समाज के दो पक्षों में विवाद गोलीबारी तक पहुंच गया। इस घटना में महिला समेत करीब 7 लोग घायल हुए हैं। तीन लोगों को गोली लगी है जिन्हें जिला अस्पताल मंदसौर में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।**

### प्रेम विवाह से जुड़ी पुरानी रंजिश

जानकारी के मुताबिक जाट समाज के धारा सिंह ने करीब 6 साल पहले पाटीदार समाज की युवती सलोनी से प्रेम विवाह किया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में आए दिन तनाव बना रहता है। 21 जुलाई को कावड़ यात्रा के दौरान भी इसी वजह से विवाद हुआ था, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### गोलीबारी में तीन को पैर में लगी गोली

विवाद के दौरान दोनों ओर से लाठी, धारदार हथियार और गोली का इस्तेमाल हुआ। तीन लोगों के पैर में गोली लगी। घायलों को पहले सीतामऊ सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### पुलिस ने 13 लोगों पर मामला दर्ज किया

टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि विवाद में जाट समाज के 4 और पाटीदार समाज के 3 लोग घायल हुए हैं। घायलों में अरविंद पाटीदार, प्रदीप पाटीदार और दशरत जाट को गोली लगी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 13 लोगों- राधेश्याम, अशोक, भरत, मान सिंह, विशाल, महावीर, सूरज, श्यामलाल, घनश्याम, मोहन, जगदीश, राम और अरविंद पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। कुछ आरोपी पुलिस हिरासत में हैं।

# संपादकीय

## "आवारा कुत्ते और सुप्रीम फैसला"

आवारा कुत्तों के मामले में देश की राजधानी दिल्ली समेत कितने ही महानगर समस्याएं झेल रहे हैं। कुत्तों के हमलों व बच्चों तथा बड़ों के काटे जाने की बढ़ती घटनाओं से क्षुब्ध होकर लोग छोटी अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। कुछ दिन पहले सुप्रीम आर्डर जारी हुए कि दिल्ली सरकार व एमसीडी सड़कों पर आवारा कुत्तों को पकड़े, उन्हें शैल्टर घरों में रखे ताकि नागरिकों को राहत मिल सके लेकिन इस फैसले के? खिलाफ डॉग लवर्स फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और इस मामले में नए ऑर्डर दो दिन पहले जारी किए गए। जहां डॉग लवर्स संगठन खुश हैं वहीं आम जनता भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से काफी हद तक संतुष्ट है। यहां सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी देख लीजिए तो अच्छा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शैल्टर होम भेजे गए कुत्तों को स्टरलाइजेशन के बाद छोड़ने का आदेश दिया है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि वह पूरे देश के लिए एक समान नियम लागू करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए सभी राज्यों को नोटिस भेजा है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि खतरनाक कुत्तों को नहीं छोड़ा जाए। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने कुत्तों को खाना देने के लिए एक निर्धारित स्थान बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हर जगह कुत्तों को खाना देने से समस्या होती है। कोर्ट ने कहा कि हम इस फैसले को पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा कि पशुपालन केंद्रों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और राज्यों के सचिवों को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने राज्यों के हाईकोर्ट में ऐसे ही लंबित मामलों को लेकर जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे सभी मामले शीर्ष अदालत में ट्रांसफर किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने नए आदेश में कहा है कि जिन कुत्तों को पकड़ा जाएगा या पकड़ा गया है उनकी नसबंदी और टीकाकरण कराने के बाद उसी इलाके में छोड़ा जाएगा। हालांकि कोर्ट का ये आदेश रेबीज से संक्रमित या आक्रामक कुत्तों पर लागू नहीं होगा लेकिन कोर्ट के पहले आदेश की तुलना में नया आदेश डॉग लवर्स के लिए एक बड़ी राहत की तरह जरूर है। सुप्रीम कोर्ट ने नया आदेश देते समय इसके साथ कुछ शर्तें भी लगाई हैं। फैसले के अनुसार रेबीज से संक्रमित और आक्रामक कुत्तों को सड़क पर नहीं छोड़ा जाएगा। इसके अलावा नगर निगम को कुत्तों के लिए अलग फीडिंग प्वाइंट बनाने होंगे और सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर खाना खिलाना मना रहेगा। यह आदेश पूरे देश में लागू होगा। हालांकि, डॉग लवर्स का कहना है कि अब भी उनकी दो बड़ी चिंताएं बरकरार हैं। पहली, आक्रामक कुत्तों की परिभाषा स्पष्ट नहीं है। कौन सा कुत्ता आक्रामक है और कौन सा नहीं, इसका निर्णय कैसे होगा, यह सवाल सभी के मन में है। दूसरी, फीडिंग प्वाइंट से जुड़ी समस्या है। अदालत ने कहा है कि एमसीडी एक जगह खाना खिलाने के लिए जगह फिक्स करें, लेकिन हमारा मानना है कि इससे कुत्तों में लड़ाई हो सकती है और आम लोगों को भी इसकी सफाई की चिंता है, जो जायज है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्थाओं के बावजूद चिंतनीय रहेगा। अगर एमसीडी ठीक से काम करे तो यह मामला इतना बढ़ता नहीं। कई पशु प्रेमियों ने अपने खर्च से कुत्तों का टीकाकरण और देखभाल की है, अब एमसीडी को भी इस दिशा में जिम्मेदारी निभानी होगी। हमारा मानना है कि संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

# सड़क पर नीलगाय आने से एंबुलेंस पलटी

## हादसे के दौरान गर्भवती ने दिया बच्चे को जन्म, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल



उज्जैन। जिले के घट्टिया तहसील के ग्राम बिछड़ोद से शनिवार रात गर्भवती महिला को प्रसूति के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस दौरान रास्ते में अचानक नीलगाय आ जाने से एम्बुलेंस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में झटका लगने के कारण गर्भवती महिला की मौके पर ही डिलीवरी हो गई। आशा कार्यकर्ता की मदद से प्रसव कराया गया और बाद में राहगीरों की सहायता से प्रसूता और नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया पहुंचाया गया। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। जानकारी के मुताबिक, बिछड़ोद निवासी किरण पति शुभम बरगंड़ा (24) को शनिवार रात करीब 11:30 बजे एम्बुलेंस से घट्टिया स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था। नजरपुरझबिछड़ोद के बीच गडरौली फंटा के पास अचानक नीलगाय आने से एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में उस समय गर्भवती महिला के साथ उसकी मां और आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। हादसे के बाद आशा कार्यकर्ता ने मौके पर ही प्रसव कराया। राहगीरों की मदद से मां और नवजात को दूसरी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना की सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ. अनुज शाल्य ने डॉ. प्रियांक चौहान को अस्पताल में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। यहां दोनों का उपचार किया गया और डॉक्टरों ने बताया कि प्रसूता और बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हैं। हादसे में गर्भवती की मां घायल हुई थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रविवार सुबह उज्जैन रेफर किया गया। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य मौजूद न होने से प्रसूता और नवजात को भी मां के साथ चरक अस्पताल भेजा गया।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा



दूध डेयरी का सामान



डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855262


अनूप जैन



प्रो-टीयू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड




हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।



चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगे
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# पूरे साल भर शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त रखने की हम सब की जिम्मेदारी - विधायक विपिन जैन

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 59 वें दिन भी चला विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में सफाई अभियान 1 ट्राली गाजर घांस व कचरा निकाला

मन्दसौर । शिवना प्रदूषण मुक्ति अभियान के 59 वे दिन श्रमदानियो द्वारा शिवना तट पर कोर्ट रोड की तरफ रोड के आस पास जगह-जगह फैले कचरे व गाजर घांस को साफ कर स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया गया । श्रमदानियों द्वारा श्रमदान कर 1 ट्राली प्लास्टिक कचरा,गाजर घांस निकाली । 1 मई से निरंतर चल रहे लोकप्रिय मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन के आह्वान पर रविवार को शिवना शुद्धिकरण के 59 वे दिन भी श्रमदानियों ने दो घंटा पसीना बहा कर श्रमदान किया । इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हर मंदसौर वासी की जिम्मेदारी है इसे हम सब को निभानी चाहिए। यह जिम्मेदारी हमें पूरे साल भर



निभानी चाहिए । श्री जैन ने आगे कहा कि शिवना को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा। में आम नागरिकों से अपील करता हूं कि प्लास्टिक की थैलियां व कचरा शिवना नदी में न डालें । श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे । रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 59 वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, बी. एल. बामनिया,भंवरलाल प्रजापत ,रमेश सोनी, विजय आनंद,राकेश जैन पिंटू , रक्त सेवा गौ सेवा फाउंडेशन के रामनारायण मालवीय, नागेश्वर मालवीय नरेंद्र भाटी,अमलावद गुप्ता,आमीन खान ,राजेश चौधरी,राजेश खींची,रमेश कुमावत, राकेश सेन, दुर्गेश चंदेल, ऋषिराज लाड,राघव जेन आदि श्रमदान में उपस्थित रहे ।
















# भानपुरा में शिवसैनिकों की विशाल रैली, जनहित के मुद्दों पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भानपुरा। शिवसेना (महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री एकनाथजी शिंदे गुट) ने भानपुरा तहसील में रविवार को जनहित के मुद्दों को लेकर एक विशाल रैली निकाली और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व मध्य प्रदेश प्रभारी थानेश्वर महावर, सुरेश गुर्जर और राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी ने किया।

रैली में मध्य प्रदेश महासचिव जितेन चतुर्वेदी, उज्जैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, संभाग संगठन प्रमुख अशोक शर्मा, ग्रामीण संभाग प्रमुख गुरुदेव, रतलाम जिला प्रमुख शांतिलाल मालवीय, मंदसौर जिला प्रमुख कमलेश राजगुरु, जिला संगठन मंत्री नरसिंह बैरागी, जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह सिसोदिया, प्रताप सिंह, महिला जिला प्रमुख विद्युतलता, कलावती बाई, मंदसौर तहसील महिला प्रकोष्ठ की दीप्ति कुंवर, भानपुरा तहसील प्रमुख सुनील जोगी, मंदसौर जिला मीडिया प्रभारी सोनू पाटीदार, राजेश गोस्वामी, शामगढ़ तहसील संगठन प्रमुख कमलेश गोयल, सुवासरा तहसील संगठन प्रमुख पवन व्यास, उज्जवल जायसवाल, चांदमल पटेल, वीरेन और भानपुरा तहसील महिला प्रमुख विद्या देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नेताओं का हुआ स्वागत

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश महासचिव जितेन चतुर्वेदी, उज्जैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, संभाग संगठन प्रमुख अशोक शर्मा और मंदसौर जिला प्रमुख कमलेश राजगुरु का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में भानपुरा तहसील के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



यह रैली शिवसेना की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता और स्थानीय समस्याओं को हल करने के लिए उनके सक्रिय प्रयासों को दर्शाती है।

## रैली का मार्ग और मांगें

शिवसैनिकों ने चंबल चौराहे से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निम्नलिखित मांगें प्रमुख थीं-

1. अतिक्रमण हटाने की मांग- भानपुरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण राहगीरों, खासकर स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई।
2. मंदिर मार्ग का पुनः संचालन- रोगमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, कोठारी धर्मशाला और बड़ा महादेव मंदिर के पुराने रास्ते, जो अतिक्रमण के कारण बंद हैं, को पुनः खोला जाए।
3. अस्पताल में स्वच्छता- भानपुरा के शासकीय चिकित्सालय में स्वच्छता की स्थिति बदहाल है। जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति कक्ष और मुख्य गेट पर कंकड़-पत्थरों की समस्या है। अस्पताल प्रशासन को स्वच्छता के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं।
4. सांदलपुर में सड़क और बाउंड्री निर्माण- सांदलपुर के गणेश मंदिर से मुक्तिधाम तक आरसीसी सड़क और मुक्तिधाम पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए।
5. नीमथूर रोड का निर्माण- भानपुरा से नीमथूर रोड (फार्मेसी कॉलेज रोड) के आगे आरसीसी सड़क बनाई जाए, ताकि स्कूल जाने वाले बच्चों को आवागमन में सुविधा हो।

# कार्यकर्ताओं से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर

### बोले- कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत, बूथ स्तर पर सक्रिय रहने की जरूरत



मंदसौर। जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने शनिवार को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर जोर दिया। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति कार्यकर्ता हैं। संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के विचार और नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए प्रयास करें। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की स्थिति और समस्याओं की जानकारी साझा की। कार्यकर्ताओं ने संगठन को और प्रभावशाली बनाने के सुझाव दिए। गुर्जर ने कहा कि सामूहिक नेतृत्व और टीमवर्क से ही पार्टी मजबूत हो सकती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज रही है। वह आगे भी जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करती रहेगी। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए उन्होंने जिले में पार्टी की मजबूत स्थिति का विश्वास जताया।

# पुलिस को मिले डायल 112 के 21 नए वाहन



रतलाम। सीएम डॉ. मोहन यादव ने 15 अगस्त को भोपाल में एमपी पुलिस की नई सेवा डायल 112 का शुभांरभ किया था। रतलाम पुलिस को नए 21 वाहन डायल 112 के मिल गए हैं। उज्जैन आईजी उमेश जोगा, रतलाम रेंज डीआईजी मनोजसिंह, एसपी अमित कुमार ने शुक्रवार को डायल 112 के वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया। सभी वाहन फील्ड में क्षेत्र अनुसार निर्धारित नोडल प्वाइंट पर ड्यूटी में तैनात रहेंगे। मध्यप्रदेश पुलिस का एमरजेंसी नंबर डायल 100 की जगह अब डायल 112 हो चुका है। एमपी पुलिस में न्यू फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल (FRV) में बदलाव किए किए है। नागरिकों की सुरक्षा एवं त्वरित पुलिस सहायता के लिए मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले को 21 नवीन एफआरवी (डायल112) वाहन दिए है। पूर्व से संचालित आकस्मिक पुलिस सेवा का आधुनिक समय के अनुसार आधुनिकीकरण किया है। आईजी जोगा ने बताया डायल 112 राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा है। इसमें पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, आपदा प्रबंधन, सायबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, रेलवे हेल्पलाइन और अन्य आपातकालीन एजेंसियां एकीकृत रूप से शामिल हैं। एसपी कुमार ने वाहनों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। तकनीकी, मैकेनिकल उपकरण एवं उपलब्ध टूल्स, स्ट्रेचर, रस्सी, कटर, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार किट इत्यादि भी चेक किए।

### यह रहे मौजूद

एएसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम ग्रामीण किशोर पाटनवाला, जावरा सीएसपी युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा ग्रामीण संदीप मालवीय, डीएसपी अजय सारवान, आरआई मोहन भर्रावत समेत जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षों से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑप्शन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉंड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306